***जनपद – संतकबीरनगर*   *प्रेस विज्ञप्ति*   *दिनॉक 05.11.2023***

आज दिनांक 05.11.2023 को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन, गोरखपुर ***श्री अखिल कुमार*** पुलिस महानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र, बस्ती ***श्री आर0के0 भारद्वाज*** के निर्देशन, पुलिस अधीक्षक जनपद संतकबीरनगर ***श्री सत्यजीत गुप्ता*** के मार्गदर्शन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में संतकबीरनगर पुलिस द्वारा किये गये सराहनीय कार्य–

## *पीआरवी आफ द डे*

***पीआरवी 1484 द्वारा मार्ग दुर्घटना में घायल 02 व्यक्तियों को पहुंचाया गया अस्पताल–*** पीआरवी 1484 को थाना धनघटा क्षेत्रांतर्गत तडवा से इवेन्ट संख्या 12324 से कालर द्वारा मार्ग दुर्घटना में 02 व्यक्तियों (**1-हरेन्द्र पुत्र शिवचन्द्र निवासी सिकरीगंज, 2- जितेन्द्र पुत्र रामसलेह निवासी जागीपुर थाना धनघटा** जनपद संतकबीरनगर ) के घायल होने के संबंध में सूचना दिया गया, सूचना मिलते ही पीआरवी कर्मियों द्वारा घटनास्थल पर 01 मिनट में पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को इलाज हेतु पीआरवी वाहन से सीएचसी मलौली भेजवाया गया साथ ही घटना के सम्बन्ध में थाना धनघटा को अवगत कराया गया। पीआरवी कर्मियों की सतर्कता एवं सूझबूझ से घटना स्थल पर समय से पहुंचकर मार्ग दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाकर उनकी जान बचाई गई, जिसकी स्थानीय व्यक्तियों द्वारा सराहना की गई।

**पीआरवी स्टाफ** –आ0 ओम प्रकाश दीपक, आ0 पंकज यादव, हो0चा0 सोमनाथ यादव।

## *शान्ति भंग (151/107/116 सीआरपीसी) में 07 अभियुक्त गिरफ्तार*

- **थाना दुधारा पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 01 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।
- **थाना महुली पुलिस द्वारा** 151 / 107 / 116 सीआरपीसी मे 06 अभियुक्त गिरफ्तार किया गया।

## *मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत 137 वाहनों से 1,34,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया गया*

आज दिनांक 05.11.2023 को जनपद संतकबीरनगर के सभी थाना क्षेत्रो मे बैंक / वाहन / संदिग्ध व्यक्तियो की चेकिंग के दौरान समस्त प्रभारी निरीक्षक / थानाध्यक्ष / प्रभारी यातायात द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्यवाही करते हुए 137 वाहनों से 1,34,500 रु0 सम्मन शुल्क का चालान किया।